# पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में अंर्तमहाविद्यालयीन खेल–कूद आयोजन

आज – दिनांक 01.03.2020 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में 05 दिवसीय अंर्तमहाविद्यालय खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के चतुर्थ दिवस में विभिन्न खेल–कूद का आयोजन किया गया। खेल–कूद प्रतियोगिताओं के अंतर्गत आज कबड्डी में जबलपुर महाविद्यालय ने रीवा महाविद्यालय को पराजित किया। इसके साथ ही 100 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़, **खो-खो, वॉलीबाल** के मैचों का आयोजन किया गया, जिसमें 100 मी. दौड़ पुरूष वर्ग में अंशुल नरवरे, रीवा महाविद्यालय ने प्रथम स्थान एवं 1500 मीटर दौड़ महिला वर्ग में राजेश्वरी पटेल, महू महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयोजित किए गए **टेबल टेनिस, वॉलीबाल** के फाइनलं मुकाबले में पुरूष वर्ग तथा महिला वर्ग में जबलपुर महाविद्यालय ने रीवा महाविद्यालय को पराजित कर बाजी मारी। **खो खो के फाइनल मैच में पुरुष एवम महिला वर्ग में जबलपुर महाविद्यालय ने रीवा महाविद्यालय को परास्त किया।** केरम की एकल एवं दोहरी प्रतियोगिता के फाइनल में क्रमशः जबलपुर महाविद्यालय एवं महू महाविद्यालय विजयी रहे। साथ ही विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए आज रात में डी जे नाईट का आयोजन किया जायेगा।

खेल–कूद कार्यक्रम में डॉ. आर.पी.एस. बघेल, अधिष्ठाता संकाय, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं जबलपुर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा, रीवा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एस एस **भदौरिया,** डॉ. आदित्य मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण साथ ही खेल–कूद दलों के दल प्रबंधक, डॉ. मोहन सिंह ठाकुर, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. तैयबअली शेख, डॉ. अजय राय, डॉ. अल्का सुमन, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. सुनील नागौरिया, डॉ. संजय शुक्ला की उपस्थिति शोभनीय रही।

**अधिष्ठाता**
**पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर**